**खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कर्मचारियों की पदोन्नति**

*406. **चौधरी बलबीर सिंह :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयुक्त ने खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली के प्रबन्धकों को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति आदि के बारे में पत्र लिखा था ;

(ख) यदि हां, तो खादी ग्रामोद्योग भवन द्वारा उस पर की गई कार्यवाही का पूरा ब्यौरा क्या है तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित कोटे में उनके कितने कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**उद्योग मंत्री (श्री जार्ज फर्नानडिस ) :** (क) जी हां ।

(ख) स्टाफ चयन समिति ने श्री ललिता प्रसाद निम्न श्रेणी लिपिक को उच्च श्रेणी लिपिक के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी किन्तु सहायक श्रम आयुक्त (केन्द्र) द्वारा अन्तरिम आदेश दिए जाने के कारण जिसमें खादी ग्रामोद्योग भवन के प्रबन्धकों से खादी ग्रामोद्योग भवन कर्मचारी संघ द्वारा दायर मुकदमे पर निर्णय होने तक कोई पदोन्नति न करने को कहा गया था, इसे कार्यान्वित नहीं किया जा सका था । इस दौरान छः महीने से अधिक समय तक रिक्त पड़ा रहने के कारण यह पद भी समाप्त हो गया । किन्तु पद को पुनर्जीवित करने के लिए तत्काल कार्यवाही की गई और सहायक श्रमायुक्त से स्थगन आदेश उठा लिए जाने की सूचना मिलने के तुरन्त बाद श्री लालता प्रसाद को उच्च श्रेणी लिपिक के रूप में पदोन्नत कर दिया गया था ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

**बिजली कर लगाने में एकरूपता**

*413. **श्री सुरेन्द्र सिंह :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्रामीण विद्युतीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार का विचार सभी राज्यों में बिजली कर लगाने के बारे में देश भर में एकरूपता लाने का है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या हैं ; और

(ग) क्या केन्द्र सरकार का विचार इस सम्बन्ध में राज्यों को मार्ग-दर्शी निदेश देने का है ?

**ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) :**

(क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता ।

**Decrease in Export of Films to Sri Lanka**

*417. SHRI K. RAMAMURTHY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether the export of Hindi and Tamil Films to Sri Lanka has come down;

(b) whether the prices given to Indian Films by Sri Lanka have come down by 75 per cent;

(c) if so, the reasons for the same; and

(d) the steps proposed to be taken to remedy this situation?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L. K. ADVANI): (a) No, Sir.

(b) No, Sir.

(c) and (d). Do not arise.

**Distribution of papers through Consumer Societies**

*418. SHRI G. M. BANATWALLA:
SHRI PRASANNBHAI MEHTA:

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether association of Printers, Publishers and Lithographers have recently sent a memorandum to Government in which it was suggested that the production of all paper mills in the country be brought to central pool and distributed to consumers directly through consumer societies or the civil supplies department; and

(b) if so, reaction of the Government of India thereto?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) Yes, Sir.

(b) At present only white printing paper is to be supplied by the mills at the fixed rate of Rs. 2750 per tonne and its distribution is made according to Government's directions. Government do not consider it necessary to fix fair prices or control the distribution of all varieties of paper.

**Transfer of Police Officers to and from Delhi**

*419. SHRI D. B. CHANDRE GOWDA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a number of police officers have been brought to Delhi and a number of senior and subordinate officers transferred to some other States; and

(b) if so, the reasons thereof and the details regarding the number of Police officers transferred or brought from other States to Delhi during the last one year?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI CHARAN SINGH): (a) and (b). Presumably, the question relates to deputation of Police officers from other States to Delhi Police and vice versa. No officer of Delhi Police has been sent on deputation or transferred to other States. Transfer of I.P.S. officers of U.T. cadre to other U.Ts. and their deputation to Central Police Organisations is a normal feature. During the last one year one I.P.S. officer on deputation to the Delhi Police was reverted to his parent State while three were relieved for appointment in the Central Police Organisations. At present three I.P.S. officers are on deputation to the Delhi Police.

**जयपुर में बड़े उद्योगों की स्थापना**

*420. श्री नाथू सिंह : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार जयपुर (राजस्थान) में कुछ बड़े उद्योग स्थापित करने का है ;

(ख) यदि हां, तो कब और उस पर कितना परिव्यय होगा तथा उनकी क्षमता क्या होगी ;

(ग) क्या इस प्रयोजन के लिए राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से भी सहायता मांगी है; और

(घ) राजस्थान में उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां राज्य सरकार अथवा उद्योगपति उद्योग स्थापित करना चाहते हैं तथा जिसके लिए उन्होंने अनुमति मांगी है ?